राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# प्रताप की गौरवगाथाओं को नई पीढ़ी से जोड़े जाने का किया आह्वान

## राज्यपाल ने राजभवन में महाराणा प्रताप जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

जयपुर, 29 मई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को राजभवन में महाराणा प्रताप जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि महाराणा प्रताप देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी योद्धा थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध होकर संघर्ष करते अपना सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा किसी राष्ट्र नायक ने हमारे देश में दी है, तो वह महाराणा प्रताप ही हैं। महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन स्वाभिमान के लिए संघर्ष की प्रेरणा देता है। देश की अस्मिता की रक्षा के लिए उनके योगदान को युगों—युगों तक याद रखा जाएगा।

श्री बागडे ने महाराणा प्रताप के शौर्य, वीरता और त्याग को स्मरण करते हुए नई पीढ़ी को उनकी गौरवगाथाओं से अधिकाधिक जोड़ने का आह्वान किया।

———





